# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

नवम्बर-डिसंबर, 2011 (अंक 214) | November-December, 2011 (Issue 214)



श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे है । साथ ही बाये से दाये श्री. एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, फलाडे आफिओ ट्रेटू, प्रभारी एम.इ.सी.आर.ई. एफ., नाइजेरिया और कासमोस म्बाम्बे, मुख्य अर्थशास्त्री, वित्त मंत्रालय, जिम्बाम्वे भी दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अफ्रिकन प्रतिनिधियो को प्रशिक्षण प्रदान किया ।

**राष्ट्रीय बचत संस्थान एक प्रमुख संस्थान है जो कि घरेलु बचत एकत्रीकरण के क्षेत्र मे 60 वर्षो से अधिक समय से कार्य कर रहाँ है, ने 8 से 12 नवम्बर के बीच घरेलु बचत एकत्रिकरण के क्षेत्र मे राष्ट्रीय बचत संस्थान के अनुभव को बाटनें हेतु 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया । यह प्रशिक्षण इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड, नई दिल्ली मे आयोजित किया गया ।**

**यद्धपि राष्ट्रीय बचत संस्थान को राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बैंक प्रबन्धको, डाक कर्मियो तथा अभिकर्ताओ जो कि संपूर्ण देश मे फैले हुए है को प्रशिक्षण प्रदान करने का करीब 30 वर्षो का पुराना अनुभव है किन्तु राष्ट्रीय बचत संस्थान का यह पहला अवसर है कि उसने अफ्रिकन महाद्वीप के विभिन्न देशो के वरिष्ठ अधिकारियो जैसे चीफ एक्जीक्यूटीव ऑफिसर, सरकार के सलाहकारो, महाप्रबन्धको इत्यादि के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया । प्रतिभागियो ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की बहुत प्रसंशा की और उन्होने अनुभव किया कि उनके देश मे बचत की अवधारणा को फैलाया जा सकता है ।**

**श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, ए. के. चौहान, पद्म सिंह, बी. राजुबाबू, एस: एल. कुरील तथा राजीव सागर ने मुख्य रूप से प्रशिक्षण दिया । अन्य मुद्दों पर श्री. अमिताब देब, तकनिकी निदेशक, एन.आई.सी. पुणे, सूर्यकान्त ढोके, तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., नागपूर और एस. सी. मलिक, निदेशक, एन.एस.एस. ओ. दिल्ली ने प्रशिक्षण दिया ।**

**प्रशिक्षण कार्यक्रम मे अफ्रिकन महाद्वीप के विभिन्न देशों जैसे जिम्बाबे, मेडागास्कर, वोत्सवाना, नामिबिया, इथोपिया, नाईजेरिया इत्यादि के विभीन्न देशो के 28 प्रतिनिधियों ने भाग लिए । इसके पूर्व भी राष्ट्रीय बचत संस्थान ने विभिन्न देशो जैसे वियतनाम, मंगोलिया, मलेसिया, श्रीलंका, युगांडा, कोरिया को प्रशिक्षण दिया, जो कि, संशाधनो के एकत्रीकरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे है और उन्होने राष्ट्रीय बचत संस्थान के द्वारा 60 वर्षों मे विकसित विशेषज्ञता का लाभ लिया ।**

**प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियो ने अपने विचार प्रकट करते हुये आशा व्यक्त किया कि, घरेलु बचत एकत्रिकरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय बचत संस्थान, भारत सरकार के माध्यम से और अधिक अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़े ।**

राष्ट्रीय बचत संस्थान
*NATIONAL SAVINGS INSTITUTE*

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur



श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान, नागपूर, श्री. श्रीकान्त बाल्दी, प्रधान वित्त सचिव, हिमाचल प्रदेश शिमला से अल्प बचत की प्रगति हेतु कार्य योजना पर 23-11-2011 को चर्चा करते हुये दिखाई दे रहे हैं । साथ ही श्री. राजीव सागर क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ़ केन्द्र और श्री. श्रीधर, आई.ए.एस., शिक्षा सचिव हिमाचल प्रदेश भी दिखाई दे रहे हैं ।

## निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने चंडीगढ़ केन्द्र मे अल्प बचत संग्रहण के प्रगति की समीक्षा की

श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने 21-11-2011 से 24-11-2011 तक चंडीगढ़ और शिमला का दौरा किया । इस दौरान उन्होने पंजाब राज्य एवं केन्द्र शासित चंडीगढ़ राज्य के अल्प बचत संग्रहण के प्रगति की समीक्षा की । उन्होने कु. अलकनन्दा दयाल, आई.ए.एस., अल्प बचत निदेशक, पंजाब सरकार से मुलाकात की तथा अल्प बचत की प्रगति एवं राष्ट्रीय बचत्त संस्थान द्वारा राज्यमें अधिकतम बचत जमा करने हेतु अपनाई जाने वाली कार्य योजना के बारे में बताया। उन्होने यह भी बताया कि ग्रामिण क्षेत्र का जनसमुह राष्ट्रीय बचत संस्थान की सेवाए तथा उसके उत्पादो से अब तक दूर है, अतः यह अल्प बचत निदेशालय और राष्ट्रीय बचत संस्थान की जिम्मेदारी है कि वे उस वर्गके जनसमुह तक पहुँचे । कु. दयाल ने बताया कि राष्ट्रीय बचत संस्थान, डाक विभाग तथा अभिकर्ताओं के सहयोगसे नयी नीतियों अपनाई जिससे कि अल्प बचत संग्रहण को बढ़ाया जा सके । श्री. राजीव सागर, क्षेत्रिय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, पंजाब एवं केंद्र शासित चंडीगढ़ ने बिश्वास दिलाया कि अल्प बचत योजनाओ के प्रगति हेतु आने वाले महिनो मे आयोजित कार्यक्रमो में पुर्ण सहयोग प्रदान करेंगे । श्री. भट्टाचार्य ने उनके शिमला यात्रा के दौरान श्री. श्रीकान्त बाल्दी, आई.ए.एस., प्रधान सचिव (वित्त), हिमाचल प्रदेश सरकार, और श्री. एस. सी. जारोदिया, चीफ पोस्टमास्टर जनरल, एच.पी.सर्किल के साथ विचार विमर्श किया । इस बैठक मे उन्होंने अभिकर्ताओ, वितरण माध्यम के कर्मियो को सतत प्रशिक्षण देने पर बल दिया । उन्होने श्री. राजीव सागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, चंडीगढ़ को निर्देश दिया कि वे संबंधित एजेन्सीयोसे पूर्ण सहयोग करे ।



श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान, कु. अलकनन्दा दयाल, विशेष सचिव, पंजाब सरकार के साथ राज्य मे बचत संग्रह हेतु बनाई गई कार्ययोजनाओ के संबंध मे चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे है । साथ ही श्री. राजीव सागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान भी दिखाई दे रहे है ।



श्री. बी. राजुबाबू, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, बैंगलोर, 19-10-2011 को दशमपुरा, जिला बेलारी, कर्नाटक राज्य में आयोजित ग्रामीण बचत अभियान के आयोजन के अवसर पर संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है । साथ ही श्री. मंजुनाथ, वकिल दशमपुरा, श्री. रवि, सहायक अधिक्षक, पोस्ट ऑफिस, हास्पेट तथा श्री. जी. वी. जोरापुर, सहायक निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, बैंगलोर भी दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पूरे देश मे ग्रामीण बचत अभियान का आयोजन किया।

**राष्ट्रीय बचत संस्थान के क्षेत्रीय निदेशकों ने पुरे देश मे वित्तीय वर्ष के दौरान ग्रामीण बचत अभियान चलाया । इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो मे अधिक से अधिक बचत संग्रह करना और राष्ट्रीय बचत उत्पादों के बारे मे ग्रामीण जनता मे जागरुकता पैदा करना था इससे राष्ट्रीय बचत संस्थाको, ग्रामीण क्षेत्रों में निवेशको की संख्या मे वृद्धि करने तथा अल्प बचत के क्षेत्रे मे बाजारीय हिस्सेदारी बढ़ाने मे मदत मिलेगी।**

**इस ग्रामिण बचत अभियान के दौरान क्षेत्रीय निदेशको ने स्थाई प्रभावशाली लोगो एवं स्वयं सहायता समुह के मदत से सभाए आयोज़ित किया और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बचत का महत्त्व समझाया । उन्होने ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार लोगों से अपील किया तथा अल्प बचत एजेन्सी लेने का अनुरोध किया जिससे कि उन्हे कमिशन के रूप वित्तिय सहायता अर्जित करने का अवसर प्राप्त हो सके। क्षेत्रीय निदेशको ने राष्ट्रीय बचत उत्पादो की जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमो तथा सभाओं का आयोजन किया जिससे कि अधिक से अधिक बचत संग्रहण किया जा सके ।**



श्री. पी. बी. सेन, क्षेत्रीय निदेशक (इंचार्ज), राष्ट्रीय बचत संस्थान, गुवाहाटी और एन. के. भट्टाचार्य, सहायक निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, 22-11-2011 को सिवसागर मे डाक कर्मियो को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए दिखाई दे रहे है ।

## अक्तुबर 2011 के लिए अल्प बचत संग्रहण

(करोड़ रुपये)

| क्र. सं. | क्षेत्र/राज्य | अक्तुबर 2010 तक | | अक्तुबर 2011 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 12015.92 | 1339.15 | 7925.63 | -907.54 |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 106.15 | 35.06 | 82.71 | 13.23 |
| 3 | असम | 1915.37 | 518.89 | 1712.47 | 396.36 |
| 4 | अंदमान निकोबार द्वीप | 29.31 | 11.61 | 24.28 | 6.88 |
| 5 | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 272.95 | 49.24 | 228.06 | -58.81 |
| 6 | बिहार | 6102.11 | 1292.84 | 5141.23 | 607.81 |
| 7 | झारखंड | 3187.87 | 897.07 | 2168.99 | 40.70 |
| 8 | चंडीगढ | 543.66 | 36.31 | 397.05 | 68.49 |
| 9 | दमण एवं दीव | 535.95 | 133.57 | 52.19 | 3.32 |
| 10 | दिल्ली | 6514.24 | 1499.90 | 3856.94 | -577.69 |
| 11 | गोवा | 486.82 | 121.89 | 309.09 | -11.13 |
| 12 | गुजरात | 11981.10 | 1708.30 | 8776.63 | -1314.46 |
| 13 | हरियाणा | 4052.71 | 709.60 | 3159.40 | -168.44 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 2313.96 | 523.30 | 1969.76 | 168.51 |
| 15 | जम्मू व कश्मीर | 1059.63 | 192.55 | 910.97 | 31.19 |
| 16 | कर्नाटक | 6184.98 | 1286.72 | 4226.80 | -1070.96 |
| 17 | केरल | 4399.28 | 260.06 | 3764.85 | -334.78 |
| 18 | लक्षद्वीप | 1.69 | 0.31 | 1.40 | 0.34 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 4720.59 | 796.21 | 3898.58 | 24.74 |
| 20 | छत्तीसगढ़ | 2005.71 | 270.27 | 1766.70 | -17.60 |
| 21 | महाराष्ट्र | 14340.41 | 3040.92 | 9860.59 | -1068.11 |
| 22 | मणिपुर | 68.80 | -6.04 | 79.81 | 0.08 |
| 23 | मेघालय | 186.82 | 55.58 | 166.98 | 28.71 |
| 24 | मिझोरम | 89.60 | 18.96 | 100.36 | -0.91 |
| 25 | नागालैंड | 40.34 | 13.78 | 28.88 | 3.27 |
| 26 | उड़ीसा | 2959.71 | 799.91 | 2276.67 | 141.49 |
| 27 | पुदुचेरी | 126.68 | 31.22 | 61.36 | -28.76 |
| 28 | पंजाब | 6544.00 | 296.64 | 4979.08 | -895.08 |
| 29 | राजस्थान | 7379.10 | 134.03 | 5210.44 | -1076.87 |
| 30 | सिक्कीम | 91.78 | 29.48 | 69.01 | 3.99 |
| 31 | तमिलनाडू | 8249.21 | 498.03 | 5945.10 | -1195.87 |
| 32 | त्रिपूरा | 534.16 | 128.20 | 336.45 | -5.08 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 14198.44 | 2646.58 | 11066.82 | 450.10 |
| 34 | उत्तरांचल | 2262.97 | 565.30 | 1971.74 | 186.04 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 20644.66 | 6027.92 | 13468.13 | 113.00 |
| | कुल | 146146.67 | 25963.37 | 105995.15 | -6443.85 |

**टिप्पणी.**—डाक विभाग, नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है । इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस. सी. एस. एस. (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

शिवराज (डी.जी.पी.एस.) नागपुर.